कार्यालय जनपद न्यायाधीश, जालौन स्थान उरई।

आदेश संख्या- 15 /2025.   दिनांक- जनवरी 13 , 2025.

आदेश

माननीय उच्च न्यायालय, इलाहाबाद के पत्र संख्या 590/Admin (E-I) Section/XC-4 दिनांकित 13.01.2025 द्वारा u/s 25 Negotiable Instrument Act, 1881 (पराक्राम्य लिखित अधिनियम, 1881) के अन्तर्गत उत्तर प्रदेश राज्य के समस्त जनपद न्यायालयों में दिनांक 14.01.2025 को मकर संक्रान्ति के पावन पर्व पर सार्वजनिक अवकाश घोषित किया गया है।

अतः उक्त के अनुपालन में जनपद न्यायालय, जालौन स्थान उरई के मुख्यालय स्थित समस्त न्यायालय एवं वाह्य स्थित न्यायालयों जालौन, कोंच, कालपी एवं ग्राम न्यायालय माधौगढ़ में दिनांक 14.01.2025 दिन मंगलवार को सार्वजनिक अवकाश घोषित किया जाता है।

माननीय न्यायालय के उक्त पत्र के क्रम में आदेश संख्या 09/2025 दिनांकित 09.01.2025 द्वारा दिनांक 14.01.2025 दिन मंगलवार को मकर संक्रान्ति पर्व के उपलक्ष्य में घोषित स्थानीय अवकाश को निरस्त किया जाता है तथा उसके स्थान पर शबे बारात के उपलक्ष्य में दिनांक 14.02.2025 दिन शुक्रवार को स्थानीय अवकाश घोषित किया जाता है तदनुसार वर्ष 2025 के लिए पूर्व में घोषित स्थानीय अवकाशों की सूची में शबे बारात दिनांक 14.02.2024 दिन शुक्रवार को स्थानीय अवकाश की सूची में मकर संक्रान्ति के स्थानीय अवकाश के स्थान पर प्रतिस्थापित किया जाये।

आदेश की प्रति मुख्यालय स्थित समस्त न्यायालयों, वाह्य स्थित न्यायालयों जालौन, कोंच, कालपी एवं ग्राम न्यायालय माधौगढ़ को सूचनार्थ प्रेषित की जाये तथा जिलाधिकारी, पुलिस अधीक्षक, जेल अधीक्षक व अध्यक्ष जिला जालौन बार एशोशिएशन, जालौन स्थान उरई को आदेश की प्रति सूचनार्थ प्रेषित की जाये।

आदेश की प्रति सूचनार्थ एवं आवश्यक कार्यवाही हेतु पीठासीन अधिकारी, मोटर दुर्घटना दावा प्राधिकरण व प्रधान न्यायाधीश, कुटुम्ब न्यायालय, जालौन स्थान उरई को भी भेजी जाये।

आदेश की एक प्रति जिला सूचना अधिकारी, जालौन स्थान उरई को जनसामान्य के सूचनार्थ, जनपद में प्रकाशित होने वाले अग्रणी समाचार पत्रों में न्यूज आइटम के रूप में निःशुल्क प्रकाशित किये जाने हेतु प्रेषित की जाये।

आदेश की प्रति जनपद न्यायालय, जालौन स्थान उरई की वेबसाइट पर भी अपलोड की जाये तथा एक प्रति जनपद न्यायालय के नोटिस बोर्ड पर चस्पा की जाये।

13.1.25

(अचल सचदेव)
जनपद न्यायाधीश,
जालौन स्थान उरई।
13.01.2025

जनपद न्यायाधीश
जालौन स्थान उरई